कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

विकास के लिए महापौर ने मांगे 25 करोड़

0 सीएम माननीय डा. रमन से की चर्चा

पिछले दिनों मुख्यमंत्री माननीय डा. रमन सिंह के नगर प्रवास के दौरान महापौर माननीय मधु बाई ने नगर विकास के लिए राशि की मांग की। इस दौरान उन्होंने नगर निगम में जुड़े नए 8 गांव व नगर विकास को लेकर माननीय मुख्यमंत्री से चर्चा भी की।

पिछले दिनों मुख्यमंत्री माननीय डा. रमन सिंह नगर प्रवास पर थे। इस पर निगम महापौर माननीय मधु बाई ने मुख्यमंत्री माननीय श्री सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान महापौर माननीय मधुबाई ने नगर विकास की कुछ समस्या भी रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि राशि की कमी की वजह से नगर के आवश्यक विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। इस पर उन्होंने अलग–अलग कार्यों के लिए करीब 25 करोड़ 50 लाख रुपए राशि की मांग की। महापौर माननीय मधु बाई ने डॉग हाऊस के लिए 40 लाख रुपए, शहर के विभिन्न वार्डों पर स्थित सड़कों की डामरीकरण के लिए 12 करोड़, पूल–पुलिया निर्माण के लिए 5 करोड़ व अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने 8 करोड़ रुपए की मांग पत्र सौंपे। इस दौरान माननीय मधु बाई

ने कहा कि नगर की सीमा में 8 गांव को भी शामिल किया गया है, लेकिन राशि की कमी के कारण इन गांवों में विकास कार्य नहीं हो रहा है। इन गांवों में मूलभूत आवश्यकता बिजली, पानी, सड़क, पानी निकासी, स्वास्थ्य व शिक्षा सभी का अभाव है। इस दौरान उन्होंने नए जुड़े 8 गावों के विकास के लिए विशेष रूप से राशि आबंटित करने की बात कही। माननीय मधु बाई की सभी मांग पर मुख्यमंत्री माननीय डा. सिंह ने साकारात्मक रूप से पहल करने आश्वासन दिया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य भी उपस्थित थे।